दिन–गुरुवार दिनांक– 12 / 03 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि– 05 मिनट

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पूर्णिया जिले को चार सौ पचासी करोड़ रुपये की लागत वाली कई विकास योजनाओं की सौगात दी। समृद्धि यात्रा के तीसरे चरण के दौरान श्री कुमार ने जिले में चल रही विकासात्मक और कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा भी की। इंदिरा गांधी स्टेडियम में जनसभा को संबोधित करते हुए श्री कुमार ने कहा कि एनडीए के कार्यकाल में प्रदेश में विकास के कार्यों में तेजी आई है। उन्होंने कहा कि अगले पांच वर्षों में राज्य में एक करोड़ लोगों को रोजगार और नौकरी प्रदान की जाएगी। इधर, मुख्यमंत्री अब से थोड़ी देर में कटिहार जिले में चार सौ दस करोड़ रुपये की लागत वाली चौर सौ तैंतालीस योजनाओं का शिलान्यास और कार्यारम्भ करेंगें। मुख्यमंत्री का यहां जनसंवाद का भी कार्यक्रम है।

————————————————————————

प्रदेश के विभिन्न जिलों में घरेलू रसोई गैस की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिये जिलाधिकारियों की ओर से विशेष प्रयास किये जा रहे हैं। पटना के जिलाधिकारी डॉ त्यागराजन एस एम के निर्देश पर जिले में गैस की सुचारू आपूर्ति और वितरण सुनिश्चित करने के लिये हेल्पलाइन शुरू की गई है। उपभोक्ता किसी भी प्रकार की जानकारी और शिकायत के लिये दूरभाष संख्या शून्य छह एक दो– दो दो एक नौ आठ एक शून्य पर संपर्क कर सकते हैं। इधर, विभिन्न जिला प्रशासनों की ओर से कहा गया है कि सभी डिस्ट्रिब्यूटर्स एवं गैस कंपनियों के पास पर्याप्त मात्रा में एलपीजी उपलब्ध है। उपभोक्ताओं को घबराहट में सिलेंडर बुक करने की जरूरत नहीं है। जिला प्रशासन के अनुसार देश और राज्य में एलपीजी का सामान्य आपूर्ति चक्र पूरी तरह सुरक्षित है और बुकिंग के बाद औसतन दो से तीन दिन के भीतर सिलेंडर की डिलीवरी की जा रही है।

————————————————————————

लोकसभा में भाजपा के मुख्य सचेतक डॉ. संजय जायसवाल ने लोकसभा अध्यक्ष से संबंधित अविश्वास प्रस्ताव को लेकर कांग्रेस पार्टी की आलोचना की है। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में श्री जायसवाल ने कहा कि विपक्ष पर्याप्त समर्थन जुटाने में

विफल रहा। उन्होंने कहा कि यदि मतदान होने दिया जाता तो अध्यक्ष के पक्ष में भारी समर्थन मिलता। उन्होंने लोगों से एलपीजी और ईंधन की कमी की अफवाहों पर ध्यान नहीं देने का आग्रह किया।

———————————————————————

बिहार की पांच सीटों के लिये होने वाले राज्यसभा चुनाव के लिये विभिन्न राजनीतिक दलों की ओर से बैठकों का दौर जारी है। भाजपा के केंद्रीय पर्यवेक्षक विजय शर्मा और हर्ष मल्होत्रा आज पटना में इस संबंध में पार्टी नेताओं के साथ बैठक करेंगें। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री शर्मा ने कहा कि चुनाव में सभी पांच सीटों पर एनडीए जीत दर्ज करेगा।

———————————————————————

कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने आज पटना के गांधी मैदान में राज्यस्तरीय कृषि यांत्रिकी मेले की शुरूआत की। इस अवसर पर श्री यादव ने कहा कि यह मेला आधुनिक तकनीक के माध्यम से किसानों के लिए लाभदायक साबित होगा। उन्होंने कहा कि तकनीक को खेती से जोड़कर किसानों की आय को दोगुना करना सरकार का लक्ष्य है। यह मेला पंद्रह मार्च तक चलेगा।

———————————————————————

गोपालगंज की दिव्यांग छात्रा सोनी कुमारी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद जिला प्रशासन की ओर से आज उन्हें ट्राई साइकिल और पाठ्य सामग्री उपलब्ध करवाई गई। हमारे संवाददाता ने बताया है कि भोरे प्रखंड के रामनगर निवासी पंद्रह वर्षीय सोनी को जिला शिक्षा पदाधिकारी योगेश कुमार ने स्कूल पहुंचकर सामग्री वितरित की। इधर, अलीनगर विधायक मैथिली ठाकुर और फिल्म अभिनेता सोनू सूद ने भी सोनी के लिये मदद का हाथ बढाया है।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।